FTS. No. 96

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव प्रशासन,
UT Administration of Dadra & Nagar Haveli and Daman &Diu
राजभाषा विभाग, दमण / Official Language Department, Daman

सं. रा.भा.10(6)/भाषा प्रशिक्षण /2019-22/ 440 दिनांक :- 09 /12/2022

परिपत्र

दमण स्थित सभी कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों को सूचित किया जाता है कि हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी शिक्षण योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों को हिन्दी भाषा (प्राज्ञ) का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण दो सत्रों (जुलाई से नवम्बर एवं जनवरी से मई) में चलाया जाता है तथा इसकी कक्षाएं प्रत्येक कार्यदिवस को 1-1 घंटा आयोजित की जाती हैं। परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त कर्मचारियों को नियमानुसार 01 वर्ष तक वैयक्तिक वेतन व नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

उक्त के मद्देनजर राजभाषा विभाग, दमण द्वारा हिन्दी भाषा (प्राज्ञ) प्रशिक्षण की कक्षा 01 जनवरी, 2023 से आरंभ की जानी है। इसके लिए आपके कार्यालयों मे कार्यरत उन कर्मचारियों को नामित किया जाना है जिन्होंने प्राज्ञ का प्रशिक्षण अभी तक प्राप्त नहीं किया है।

अत: संघ प्रदेश प्रशासन के सभी कार्यालयों/ केन्द्र सरकार के कार्यालयों/ निगमों/ निकायों के कार्यालयाध्यक्ष/ कार्यालय प्रमुखों तथा शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाचार्यों/ प्रधानाध्यापकों से अनुरोध है कि अपने कार्यालय के उन कर्मचारियों, जिन्होंने हिन्दी प्राज्ञ का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, का नाम इस परिपत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में भरकर इस विभाग को 20/12/2022 तक भेजने का कष्ट करें ताकि उन्हें हिन्दी भाषा (प्राज्ञ) प्रशिक्षण हेतु नामित किया जा सके।

(डॉ अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक(राजभाषा), दमण

संलग्न :- उपर्युक्त

सेवा में,

प्रशासन के सभी कार्यालयों/ केन्द्र सरकार के कार्यालयों/
/ निगमों/ निकायों के कार्यालयाध्यक्ष/ कार्यालय प्रमुख
तथा शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापक
दमण.

प्रतिलिपि प्रेषित:-

01. सचिव (राजभाषा), दमण
02. संयुक्त सचिव (राजभाषा), दमण
03. कार्यालय प्रति

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव प्रशासन,

कार्यालय / विभाग का नाम :-

पता :-

क्रम सं.	नाम	पदनाम	शैक्षणिक योग्यता

कार्यालय प्रमुख का हस्ताक्षर एवं मोहर